**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**मानव संसाधन प्रभाग, प्रधान कार्यालय**
**कॉर्पोरेट कार्यालय, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075**

| | |
|---|---|
| **ऑन-लाइन पंजीकरण हेतु आरंभिक तिथि** | **07.12.2022** |
| **ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **23.12.2022** |

**संविदागत आधार पर वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार (एसडीबीए) एवं रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए) के पद के लिए भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त/ सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को पैनल में शामिल करना**

पंजाब नैशनल बैंक भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना एवं भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त/ सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों से वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार एवं रक्षा बैंकिंग सलाहकार के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जो निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं तथा सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हुए हैं/ **विज्ञापन की तारीख से तीन महीने के भीतर (06.03.2023 को या उससे पूर्व) सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं।** पैनल में शामिल सेवारत अधिकारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् ही उनका कार्यभार दिया जाएगा।

**1. रिक्तियां, पात्रता मानदंड एवं कार्य प्रोफाइल**

| | **वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार** | **रक्षा बैंकिंग सलाहकार** |
|---|---|---|
| **पोस्ट कोड** | एसडीबीए | डीबीए |
| **भारतीय सेना में रैंक या भारतीय वायु सेना/ भारतीय नौसेना में समकक्ष रैंक** | भारतीय सेना में ब्रिगेडियर या भारतीय वायुसेना या भारतीय नौसेना में इसके समकक्ष | भारतीय सेना में चयन ग्रेड कर्नल या भारतीय वायुसेना या भारतीय नौसेना में इसके समकक्ष |
| **रिक्तियां** | 3 | 9 |
| **अधिकतम आयु (01.07.2022 को)** | सेवानिवृत्त होने वाले/ सेवानिवृत्त अधिकारी जिनकी आयु 60 वर्ष से कम है। | सेवानिवृत्त होने वाले/ सेवानिवृत्त अधिकारी जिनकी आयु 58 वर्ष से कम है। |
| **भूमिकाएं/ उत्तरदायित्व** | संस्थागत स्तर पर सशस्त्र बलों/ अर्धसैनिक/ पुलिस और पीएनबी के बीच संबंधों का विस्तार करने तथा उनके कार्मिकों के साथ बैंक के रक्षा कारोबार के प्रसार को भी बढ़ाने के लिए सीडीबीए का सहयोग करना।<br>एसडीबीए, सीडीबीए के सहायक होंगे तथा रक्षा बलों के मुख्यालय के साथ बैठकें आयोजित करने में सहयोग करेंगे।<br>रक्षा बलों से कारोबार बढ़ाने के लिए सामंजस्य सुनिश्चित करना तथा अंतर भरना। | संस्थागत स्तर पर थल सेना/ नौसेना/ वायु सेना/ अर्धसैनिक बलों और पीएनबी के बीच संबंधों का विस्तार करने के लिए स्थानीय प्रभागों/ रेजिमेंटल केंद्रों/ रेजिमेंटों/ ब्रिगेड मुख्यालयों/ चिकित्सा इकाइयों आदि के साथ-साथ अन्य रक्षा बलों/ अर्धसैनिक बलों की स्थानीय इकाइयों के साथ संपर्क करना तथा अधिकारियों सहित उनके कार्मिकों के साथ हमारे रक्षा कारोबार का प्रसार बढ़ाना। |

| | | |
|---|---|---|
| | बैंक की रक्षा कारोबार आवश्यकता के अनुसार अन्य कोई भी कार्य। | उनके कार्यक्षेत्र वाले दायरे के किसी भी स्थानीय मुद्दों से निपटना।<br>बड़ी छावनियों में सामूहिक खाता खोलने/ ऋण अभियान का आयोजन करने, मासिक सैनिक सम्मेलन/ दरबार आदि में सहभागिता करना ।<br>यह सुनिश्चित करना कि रेजिमेंटल केंद्रों में भर्ती किए गए सभी नए पीबीओआर (अधिकारी रैंक से नीचे के कार्मिक) के खाते बैंक में खोले जाए तथा पेंशनभोगियों के खाते व टर्मिनल लाभ के खाते भी बैंक में खोले जाए।<br>विभिन्न अकादमियों, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य स्थानों पर जहां वे रिपोर्ट करते हैं, अधिकारी कैडेट के लिए खाता खोलने की व्यवस्था करना।<br>बैंक की रक्षा कारोबार आवश्यकता के अनुसार अन्य कोई भी कार्य। |

- उपर्युक्त उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम (अस्थायी) है तथा बैंक की आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है।
- **जिन आवेदकों ने उपर्युक्त उल्लिखित अंतिम संवर्ग के अलावा उच्च रैंक में सेवा की है, वे इस पद के लिए पात्र नहीं होंगे।** यह स्पष्ट किया जाता है कि एसडीबीए एवं डीबीए के पद हेतु उच्चतम निर्धारित रैंक क्रमशः ब्रिगेडियर/ समकक्ष तथा चयन ग्रेड कर्नल/ समकक्ष है **।**
- आयु की गणना 01/07/2022 को पूर्ण वर्षों में की जाएगी।
- कोई भी अधिकारी जो जांच के अधीन है या उसके पूरे सेवा करियर में किसी विभागीय या न्यायिक जांच में बड़ा दंड लगाया गया है/ दोषी साबित हुआ है, विचार किए जाने हेतु पात्र नहीं है।

## 2. पोस्टिंग के लिए चिह्नित स्थान

| क्र. सं. | पद का नाम | अंतिम रैंक | पोस्टिंग के लिए चिह्नित स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | एसडीबीए (सेना) | ब्रिगेडियर | हैदराबाद |
| 2 | एसडीबीए (वायु सेना) | एयर कमोडोर | दिल्ली |
| 3 | एसडीबीए (नौसेना) | कमोडोर | मुंबई |
| 4 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | जम्मू |
| 5 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | चंडीगढ़ |
| 6 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | लखनऊ |
| 7 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | जयपुर |
| 8 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | कोलकाता |
| 9 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | भोपाल |
| 10 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | पुणे |
| 11 | डीबीए (सेना) | कर्नल* | बैंगलोर |
| 12 | डीबीए(वायु सेना) | ग्रुप कैप्टन* | शिलांग |

*चयन ग्रेड कर्नल/ समकक्ष

- उपर्युक्त उल्लिखित तैनाती स्थल अनंतिम (अस्थायी) हैं और बैंक की आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। एसडीबीए और डीबीए की उपर्युक्त उल्लिखित स्थल पर नियुक्ति की जाएगी, किन्तु बैंक की आवश्यकतानुसार उन्हें भारत में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

## 3. <u>नियुक्ति की शर्तें</u>

### i. <u>संविदा की अवधि:</u>

किसी भी उपर्युक्त पदधारक का कार्यकाल प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगा तथा अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति और रक्षा सलाहकार के रूप में प्रदर्शन के अधीन इसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाएगी। कुल 05 वर्ष की नियुक्ति या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, प्राप्त करने पर, नियुक्ति की अवधि स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी।

### ii. <u>प्रतिपूर्ति पैकेज:</u>

- **वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार:** प्रति वर्ष निश्चित प्रतिपूर्ति पैकेज रु.15.60 लाख होगा।
- **रक्षा बैंकिंग सलाहकार:** प्रति वर्ष निश्चित प्रतिपूर्ति पैकेज रु.14.40 लाख होगा।

**क.** नियुक्त कार्यपालक को कोई अन्य भत्ता जैसे महंगाई भत्ता, मासिक मकान किराया भत्ता, पेट्रोल प्रतिपूर्ति, स्टाफ कार का भुगतान/प्रदान नहीं किया जाएगा।

**ख.** नियुक्त कार्यपालक किसी भी प्रकार के कर्मचारी ऋण, चिकित्सा सहायता/ लाभ, सेवानिवृत्ति लाभ, यात्रा रियायतें, अवकाश नकदीकरण, वाहन, मनोरंजन, समाचार पत्र, सफाई व्यय, बीमा और किसी भी अन्य कर्मचारी लाभ योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

**ग.** आयकर, व्यावसायिक कर, कोई भी अन्य कर/ सांविधिक दायित्व का वहन कार्यरत कार्यपालक द्वारा किया जाएगा।

**घ.** <u>आधिकारिक दौरे पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति</u>: ड्यूटी के दौरान यात्रा (तैनाती स्थल के बाहर के स्थान) पर किए गए व्यय में एसडीबीए के लिए बैंक के उप महाप्रबंधक तथा डीबीए के लिए बैंक के सहायक महाप्रबंधक की पात्रता के अनुसार क्रमशः यात्रा किराया, आवास और दैनिक भत्ता शामिल होगा।

**ङ.** <u>अवकाश के नियम:</u> यदि नियुक्त अधिकारियों को उनकी जॉब प्रोफ़ाइल के अनुसार नियमित रूप से कार्यालय आने की आवश्यकता होती है, तो उन्हें प्रत्येक माह में एक दिन का अवकाश प्रदान किया जाएगा अन्यथा, यदि कार्यपालक को घर से कार्य/ ऑफसाइट आधार पर कार्य सौंपा जाता है, तो नियुक्त कार्यपालक को किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं दिया जाएगा।

### iii. <u>निबंधन एवं शर्तें:</u>

- सलाहकार का कार्यकाल प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगा तथा सलाहकारों के अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति और कार्यनिष्पादन के अधीन इसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाएगी।
- एसडीबीए/ डीबीए के मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र/ कार्यनिष्पादन की तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।
- नियुक्त कार्यपालक, जिन्हें सलाहकार का कार्य सौंपा गया है, उन्हें एक गैर-प्रकटीकरण/ गोपनीयता समझौते को निष्पादित करना होगा।
- पैनल में शामिल कार्यपालक को एक विधिक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि बैंक के साथ उनकी ओर से किसी भी प्रकार के हितों का टकराव नहीं होगा।
- सेवारत अधिकारी के मामले में, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान संगठन से अनापत्ति पत्र प्रस्तुत करना होगा और यदि उनका चयन हो जाता है तो उन्हें वर्तमान संगठन की सेवाओं से त्याग-पत्र देना होगा।
- नियुक्ति पूर्णकालिक प्रकृति की होगी अर्थात एक बार कार्यपालक की नियुक्ति के बाद वह किसी अन्य नियोक्ता द्वारा किसी अन्य प्रकार के रोजगार में शामिल नहीं हो सकता है।
- एक बार चयन हो जाने के पश्चात् कार्यपालक को मेडिकल प्रैक्टिशनर (एमबीबीएस डॉक्टर) द्वारा दी गई मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट बैंक को प्रस्तुत करनी होगी।
- इस नियुक्ति को पुन: रोजगार के रूप में नहीं माना जाएगा क्योंकि यह नियुक्ति पूरी तरह से संविदात्मक और अस्थायी प्रकृति (गैर-आधिकारिक) की होगी, जिसमें किसी भी पक्ष को 15 दिनों की पूर्व सूचना देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार है।

- असंतोषजनक कार्यनिष्पादन के मामले में, असाइनमेंट की अवधि पूरी होने से पूर्व ही नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।
- असाइनमेंट के लिए इस प्रकार चयनित सलाहकार को सभी कार्य दिवसों में आवंटित कार्य हेतु उपस्थित होना चाहिए और कार्य के घंटों के दौरान कार्यालय में उपस्थित होना चाहिए, उस स्थिति के अतिरिक्त जब उसे अनुमोदित यात्राओं पर जाना होता है।

## 4. चयन प्रक्रिया

- वैध आवेदनों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के नाम बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर प्रदर्शित किए जाएंगे।
- साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्टिंग केवल प्रोफाइल पर आधारित होगी।
- अंतिम चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। रक्षा सेवाओं से, विज्ञापन की तिथि से तीन महीने के भीतर (06.03.2023 को या उससे पूर्व), सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को भी शॉर्टलिस्ट किया जा सकता है किन्तु उन्हें उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

### 4.1 व्यक्तिगत साक्षात्कार से पहले प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:

अभ्यर्थी की पात्रता एवं पहचान के प्रमाण हेतु एक स्व-सत्यापित छायाप्रति सहित मूल प्रति के साथ निम्नलिखित दस्तावेज, साक्षात्कार के समय या जब भी बैंक द्वारा आवश्यक हो, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाएगे, जिसमें विफल रहने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अभ्यर्थी द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं करने पर नियुक्ति प्रक्रिया में आगे की भागीदारी से उनकी उम्मीदवारी पर रोक लगा दी जाएगी।

i. ऑनलाइन आवेदन पत्र का वैध सिस्टम जनित प्रिंटआउट
ii. वैध साक्षात्कार कॉल पत्र का प्रिंटआउट
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (सक्षम नगरपालिका प्राधिकरण द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र या एसएसएलसी/ जन्मतिथि के साथ 10वीं का प्रमाण-पत्र)
iv. फोटो पहचान प्रमाण एवं पता प्रमाण (आधिकारिक रूप से मान्य दस्तावेज)।
v. शैक्षिक योग्यता के प्रमाण हेतु प्रासंगिक दस्तावेज: अंतिम डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र सहित शैक्षिक योग्यता के लिए व्यक्तिगत सेमेस्टर-वार/वर्ष-वार अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र। पंजीकरण की आरंभिक तिथि अर्थात 07.12.2022 को या उससे पहले परिणाम घोषित करने के लिए बोर्ड / विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज जमा करना होगा।
vi. ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में भारत सरकार द्वारा नियत निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र।
vii. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में, भारत सरकार द्वारा नियत निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।
viii. ओबीसी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में, जाति प्रमाण पत्र में विशेष रूप से एक खंड शामिल होना चाहिए कि अभ्यर्थी भारत सरकार के अंतर्गत नागरिक पदों एवं सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के लाभों से बाहर क्रीमी लेयर वर्ग से संबंधित नहीं है। गैर-क्रीमी लेयर खंड वाला ओबीसी जाति प्रमाण पत्र साक्षात्कार की तिथि के अनुसार मान्य होना चाहिए (विज्ञापन की तिथि के अनुसार एक वर्ष के भीतर जारी)। प्रमाण पत्र में उल्लिखित जाति का नाम केंद्र सरकार की सूची/ अधिसूचना के साथ पत्र द्वारा मिलान किया जाना चाहिए।
ix. बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणी वाले व्यक्तियों के मामले में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
x. एक भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय सेवा या सेवामुक्ति पुस्तिका की एक प्रति के साथ पेंशन भुगतान आदेश और अंतिम / वर्तमान में प्राप्त रैंक (मूल के साथ-साथ कार्यवाहक) के दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। जो लोग अभी भी रक्षा सेवा में हैं, उन्हें एक सक्षम प्राधिकारी से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए कि उन्हें 06.03.2023 को या उससे पहले रक्षा सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा।
xi. सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत

करना आवश्यक है, जिसके अभाव में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें यात्रा व्यय, यदि कोई हो, अन्यथा स्वीकार्य है, का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**xii.** विशिष्ट योग्यता, कार्य अनुभव (नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची, कार्यमुक्ति पत्र आदि सहित) पुरस्कार एवं पेशेवर करियर के दौरान सम्मान के प्रमाण हेतु प्रासंगिक दस्तावेज।

**xiii.** पात्रता के प्रमाण में कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज।

नोट:

- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी यदि वे उपर्युक्त उल्लिखित प्रासंगिक पात्रता दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं। प्रासंगिक पात्रता दस्तावेजों को बैंक द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थी नियुक्ति की आगे की प्रक्रिया के लिए अपात्र हो जाएगा।
- आरक्षित श्रेणी (अजा/अजजा/अपिव/आर्थिक रूप से कमजोर/पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित प्रारूप www.pnbindia.in पर रिक्रूटमेंट/करियर → रिक्रूटमेंट फोर्मलिटिस टैब के अंतर्गत उपलब्ध है।

## 5. आवेदन कैसे करें

अभ्यर्थी केवल 07.12.2022 से 23.12.2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 5.1 ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पूर्व आवश्यकताएं:

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को निम्नलिखित पैरा 5.3 में दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रत्येक फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे के निशान, आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/सेवा प्रमाणपत्र एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की एक स्कैन कॉपी तैयार रखनी चाहिए।

### 5.2 ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया:

**i.** अभ्यर्थियों को वेबसाइट www.pnbindia.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/ विधा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**ii.** अभ्यर्थियों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। इसे इस भर्ती परियोजना के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। बैंक पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र भेज सकता है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ईमेल आईडी बनानी होगी। किसी भी परिस्थिति में, उसे किसी अन्य व्यक्ति को/या ईमेल आईडी साझा/उल्लेख नहीं करना चाहिए।

**iii.** अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी आधार सूचना प्रविष्ट करके अपने आवेदन को पंजीकृत करने के लिए, हमारी वेबसाइट www.pnbindia.in पर नियुक्ति/करियर → रक्षा बैंकिंग सलाहकार की नियुक्ति टैब के अंतर्गत "नए पंजीकरण के लिए यहां क्लिक करें" पर क्लिक करना होगा। इसके बाद सिस्टम द्वारा एक अनंतिम (अस्थायी) पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड बनाया जाएगा तथा स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा। अभ्यर्थी अनंतिम पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड को नोट कर लें। अनंतिम पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड प्रदर्शित करने वाला एक ईमेल और एसएमएस भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरणों को संपादित कर सकते हैं।

**iv.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन सावधानी से स्वयं भरें क्योंकि ऑनलाइन आवेदन में भरे गए किसी भी डेटा में कोई बदलाव संभव नहीं होगा/विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरण को सत्यापित करने के लिए 'सेव एंड नेक्स्ट' सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो इसे संशोधित करें। कम्प्लीट रजिस्ट्रेशन बटन पर क्लिक करने के बाद किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं है।

**v.** फॉर्म भरते समय विशिष्ट अक्षरों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि अभ्यर्थी एक बार में आवेदन पत्र भरने में असमर्थ है, तो वह पहले से दर्ज किए गए डेटा को सहेज सकता है। वे अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरणों को संपादित कर सकते हैं। एक बार आवेदन पूरी तरह से भर जाने के बाद, अभ्यर्थी को डेटा जमा कर देना चाहिए।

**vi.** केवल अंतिम रूप से जमा करने से पहले ऑनलाइन आवेदन को संशोधित करने का प्रावधान है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन में विवरण, यदि कोई हो, को सही करने के लिए इस सुविधा का उपयोग करें।

**vii.** अभ्यर्थी एवं उसके पिता/ पति आदि का नाम आवेदन पत्र में सही लिखा जाना चाहिए जैसा यह प्रमाण पत्र/ मार्कशीट/ फोटो पहचान प्रमाण आदि में उल्लिखित हो। कोई भी परिवर्तन/ बदलाव पाए जाने पर उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**viii.** आवेदन के सफल पंजीकरण पर उत्पन्न पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड के साथ एक ई-मेल / एसएमएस सूचना अभ्यर्थी के आवेदन पत्र में निर्दिष्ट ईमेल आईडी / मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन प्रणाली जनित पावती के रूप में भेजी जाएगी। यदि अभ्यर्थियों को उनके द्वारा निर्दिष्ट ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर पर ई-मेल और एसएमएस सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो ऐसा माना जा सकता है कि उनका ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक पंजीकृत नहीं हुआ है।

**ix.** एक ऑनलाइन आवेदन जो किसी भी संदर्भ में अधूरा है, जैसे उचित पासपोर्ट आकार की फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/ सेवा का प्रमाण पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) को अपलोड नहीं किया गया है तो ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को वैध नहीं माना जाएगा।

**x.** एक आवेदक द्वारा अपने आवेदन में प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी अभ्यर्थी के लिए व्यक्तिगत रूप से बाध्यकारी होगी और बाद में उसके द्वारा दी गई जानकारी/ विवरण गलत पाए जाने की स्थिति में वह अभियोजन/ नागरिक परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

कृपया ध्यान दें कि अभ्यर्थी का नाम, श्रेणी, जन्म तिथि, आवेदित पद, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि सहित ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद किसी भी परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र अत्यंत सावधानी से भरें क्योंकि विवरण में परिवर्तन के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। आवेदन में गलत और अपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने या आवेदन पत्र में आवश्यक विवरण प्रदान करने में चूक के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी परिणाम के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

## 5.3 दस्तावेजों की स्कैनिंग और अपलोड के लिए दिशानिर्देश:

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उनकी फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/ सेवा प्रमाण पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की स्कैन की गई (डिजिटल) फोटो की आवश्यकता होगी।

### i) फोटो: (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)

- फोटोग्राफ हाल की पासपोर्ट साइज़ की रंगीन फोटो होनी चाहिए।
- फ़ाइल प्रकार: जेपीजी / जेपीईजी
- सुनिश्चित करें कि फोटो में रंग को हल्के रंग विशेषतः सफेद पृष्ठभूमि में खिंचा गया हो।
- तनावमुक्त चेहरे के साथ सीधे कैमरे की ओर देखें
- यदि फोटो धूप में ली गई है, तो सूरज को अपने पीछे रखें, या खुद को छाया में रखें, ताकि आपकी स्पष्ट दिखें और कोई सघन छाया न हो
- यदि आपको फ़्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि कोई "रेड-आई" न हो

- यदि आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब (Reflection) न हो और आपकी आंखें स्पष्ट रूप से देखी जा सकें।
- कैप, टोपी एवं काला चश्मा स्वीकार्य नहीं हैं। धार्मिक हेडवियर की अनुमति है लेकिन यह आपके चेहरे को कवर नहीं करना चाहिए।
- आयाम (Dimension) 200 x 230 पिक्सेल (प्राथमिकता)
- फ़ाइल का आकार 20KB-50KB के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई फोटो का आकार 50KB से अधिक नहीं है। यदि फ़ाइल का आकार 50KB से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग्स जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, कलर नंबर आदि को समायोजित करें।

**ii) हस्ताक्षर:**

- आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करने होंगे।
- फ़ाइल प्रकार: जेपीजी / जेपीईजी
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (प्राथमिकता)
- फ़ाइल का आकार 10KB – 20KB के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई फोटो का आकार 20KB से अधिक नहीं है

**iii) बाएं अंगूठे का निशान:**

- आवेदक को अपने बाएं अंगूठे का निशान सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से लगाना होगा।
- फ़ाइल प्रकार: जेपीजी / जेपीईजी
- आयाम: 200 डीपीआई में 240 x 240 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए प्राथमिकता) अर्थात 3 सेमी*3 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
- फ़ाइल का आकार: 20KB - 50KB

iv) **आयु का प्रमाण:**

- आयु के प्रमाण के रूप में पैन कार्ड/ जन्म प्रमाणपत्र/ एसएसएलसी/ दसवीं का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।
- फाइल का प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

v) **सेवामुक्ति प्रमाण पत्र / सेवा प्रमाणपत्र:**

- सेवामुक्ति प्रमाणपत्र (सेवानिवृत्त अधिकारियों हेतु संपूर्ण पुस्तिका) एवं सेवा प्रमाणपत्र (विज्ञापन की तिथि से तीन महीने के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के लिए)।
- फाइल का प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

**vi) दिव्यांगता का प्रमाण पत्र**

- भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाणपत्र।
- फाइल का प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

  - हस्ताक्षर एवं बाएं अंगूठे का निशान आवेदक का होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति का।
  - यदि साक्षात्कार के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

नोट:

- अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- सुनिश्चित करें कि फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/सेवा प्रमाणपत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड किए गए हैं।

vii) **<u>दस्तावेजों को स्कैन करने की प्रक्रिया:</u>**

- स्कैनर रिज़ॉल्यूशन को न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें
- कलर को ट्रू कलर पर सेट करें
- फ़ाइल का आकार जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/आयु का प्रमाण/सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/सेवा प्रमाणपत्र/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) के किनारे तक इमेज को स्कैनर में क्रॉप करें, फिर फोटो के आकार को अंतिम रूप देने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें (जैसा ऊपर बताया गया है)।
- फोटो फ़ाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में होनी चाहिए। उदाहरणस्वरुप फ़ाइल नाम है: image01.jpg या image01.jpeg। फोटो आयामों (dimensions) को फ़ोल्डर फ़ाइलों को लिस्टिंग करके या माउस को फ़ाइल फोटो आइकन पर ले जाकर जांचा जा सकता है।
- एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का इस्तेमाल करने वाले अभ्यर्थी एमएस पेंट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का इस्तेमाल कर जेपीईजी फॉर्मेट में दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी प्रारूप में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को फ़ाइल मेन्यू में 'सेव एज़' विकल्प का उपयोग करके .jpg / .jpeg प्रारूप में सहेजा जा सकता है। आकार को क्रॉप एवं फिर आकार बदलने के विकल्प का उपयोग करके समायोजित किया जा सकता है।
- दस्तावेज़ को स्कैन किए जाने की स्थिति में, कृपया सुनिश्चित करें कि यह पीडीएफ के रूप में सहेजा गया है और पीडीएफ के रूप में आकार 500KB से अधिक नहीं है। यदि फ़ाइल का आकार 500KB से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग्स जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, कलर नंबर आदि को समायोजित करें। कृपया सुनिश्चित करें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और पठनीय हैं।

viii) **दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:**

- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/सेवा का प्रमाण पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
- "अपलोड फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर/ अपलोड बाएं अंगूठे का निशान/आयु का प्रमाण/ सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/सेवा का प्रमाण पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)" संबंधित लिंक पर क्लिक करें
- ब्राउज़ करें और उस लोकेशन का चयन करें जहां स्कैन की गई फोटो/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/ सेवा प्रमाणपत्र और दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) फ़ाइल सहेजी गई है।
- फ़ाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें
- 'Open/ Upload' पर क्लिक करें
- यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप निर्धारित निर्देश के अनुसार नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- पूर्वावलोकन (Preview) से अपलोड की गई फ़ाइल की गुणवत्ता को देखा जा सकता है। यदि अपलोड की गई फ़ाइल अस्पष्ट/ धुंधली है, तो उसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता पर पुनः अपलोड किया जा सकता है।

आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि आप निर्देश के अनुसार अपना फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/ सेवा का प्रमाण पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) अपलोड नहीं करते हैं।

टिप्पणी:

(1) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या आयु का प्रमाण या सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/सेवा का प्रमाण पत्र या दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) अस्पष्ट/धुंधला है तो अभ्यर्थी के आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है।

(2) ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/आयु का प्रमाण/ सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/सेवा का प्रमाण पत्र या दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) अपलोड करने के बाद अभ्यर्थियों को यह जांच करनी चाहिए कि फोटो स्पष्ट हैं और सही तरीके से अपलोड की गई है। यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या आयु का प्रमाण या सेवामुक्ति प्रमाण पत्र / सेवा प्रमाण पत्र या दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) प्रमुखता से दिखाई नहीं दे रहे हैं, तो ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने से पहले अभ्यर्थी अपने आवेदन को संपादित कर सकते हैं और अपनी फोटो या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या आयु का प्रमाण या सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/ सेवा का प्रमाण पत्र या दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), को फिर से अपलोड कर सकते हैं।

(3) अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो तथा हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया है। यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किया जाने वाला फोटो निर्धारित आकार का है और फोटो में चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

(5) यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया जाता है, तो साक्षात्कार के लिए प्रवेश अस्वीकार/ अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(6) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

(7) ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट लें और भविष्य के संदर्भ के लिए इसकी एक सॉफ्ट कॉपी भी संभाल कर रखें।

## 6. <u>साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र (कॉल लेटर)</u>

साक्षात्कार की तिथि की सूचना, कॉल लेटर में, साक्षात्कार के लिए केंद्र/ स्थल के साथ, साक्षात्कार की तिथि से काफी पहले दी जाएगी।

### 6.1 <u>साक्षात्कार में भाग लेने के लिए बुलावा पत्र (कॉल लेटर) प्राप्त करने की प्रक्रिया:</u>

सभी पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अपना कॉल लेटर बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in - (भर्ती/कैरियर अनुभाग के अंतर्गत) से डाउनलोड करना होगा। सभी पदों के लिए साक्षात्कार कॉल लेटर डाउनलोड करने की तिथि की सूचना बैंक की वेबसाइट पर अलग नोटिस के माध्यम से दी जाएगी। अतः, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार बुलावा पत्र डाउनलोड करने की तिथि के लिए बार-बार बैंक की वेबसाइट देखते रहें। अभ्यर्थी नोट करें कि कॉल लेटर किसी अन्य माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे।

## 7. <u>आवेदन शुल्क</u>

वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार/ रक्षा बैंकिंग सलाहकार के पद के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क **<u>शून्य</u>** है।

## 8. <u>सामान्य निर्देश</u>

**i.** आवेदकों को स्थान की वरीयता के साथ [केवल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सेना) के द्वारा भरा जाना ] केवल एक आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता है जैसाकि पैरा 2 में उल्लिखित है (पात्रता मानदंडों की पूर्ति के अधीन)। हालांकि, बैंक के पास किसी भी चिह्नित स्थान पर पैनल में शामिल कार्यपालक को नियुक्त करने का अधिकार है।

**ii.** पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथि के अनुसार उपर्युक्त वर्णित पात्रता एवं अन्य मानदंडों को पूरा करता है और उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण प्रत्येक सन्दर्भों में सही हैं।

**iii.** केवल पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन प्रस्तुत करना या पैनल में शामिल होने के लिए नाम का अनुमोदन, किसी भी प्रकार से, बैंक से किसी भी तरह की सलाहकार के काम के आवंटन की गारंटी नहीं देता है। रक्षा बैंकिंग सलाहकारों को पीएनबी प्रधान कार्यालय/ अंचल कार्यालयों / मंडल कार्यालयों में पदस्थापना का आवंटन बैंक का विशेषाधिकार है।

iv. यदि अभ्यर्थी उस पद के लिए अपात्र पाया जाता है, जिसके लिए उसने आवेदन किया है तो बैंक भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा। अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में बैंक का निर्णय, जिस स्तर पर पात्रता की जांच की जानी है, योग्यता एवं अन्य पात्रता मानदंडों, प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज आदि तथा भर्ती से संबंधित कोई अन्य मामले, अभ्यर्थी के लिए अंतिम और बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में बैंक द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद इनमें से किसी भी कमी का पता चलता है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

v. एक हाल का पहचाने जाने योग्य रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो, जो ऑन-लाइन आवेदन पत्र में अपलोड की गई फोटो के समान होनी चाहिए, अभ्यर्थी द्वारा साक्षात्कार के कॉल लैटर में उचित प्रकार से चिपकाया जाना चाहिए तथा यह विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक अपना स्वरूप (चेहरे का) न बदलें। साक्षात्कार के समय वही फोटोग्राफ प्रस्तुत करने में विफल रहने पर यह अपात्रता का कारण हो सकती है। एक अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके द्वारा किए गए हस्ताक्षर सभी स्थानों अर्थात उसके कॉल लेटर, उपस्थिति शीट आदि में हैं तथा भविष्य में यह बैंक के साथ सभी पत्राचार में एक समान होना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की कोई भिन्नता नहीं होनी चाहिए।

vi. यह केवल विशिष्ट अवधि के लिए एक संविदात्मक कार्य है तथा पैनल में शामिल जिन कार्यपालकों को यह कार्य सौंपा गया है, वे भविष्य में बैंक से किसी भी नियमित रोजगार या किसी अन्य लाभ का दावा करने के हकदार नहीं होंगे।

vii. विज्ञापन और/या आवेदन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल दिल्ली में आरंभ की जा सकती है तथा केवल दिल्ली के न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ मंचों के पास ही किसी भी मामले/ विवाद की सुनवाई के लिए एकमात्र और अनन्य अधिकार होगा।

viii. सलाहकार वचनबद्ध होगा कि वह कार्य को किसी अन्य को नहीं (सब-कॉन्ट्रैक्ट/ सब-असाइन नहीं करेगा/करेगी) सौंपेगा।

ix. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट (शॉर्टलिस्टेड/ योग्य अभ्यर्थियों की सूची सहित) के लिए बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in देखें । बुलावा पत्र/ परामर्श, जहां भी आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजी जाएगी (कोई भी हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी)।

x. बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित या पंजीकृत/ स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित या आवेदन में उल्लिखित ई-मेल आईडी पर प्रेषित अभ्यर्थियों से संबंधित कोई भी नोटिस/ सूचना को सभी उद्देश्यों के लिए अभ्यर्थी को सूचित करने का माध्यम माना जाएगा।

xi. बैंक किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने और अपने विवेक से पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार रखता है।

xii. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करण की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

पूछताछ हेतु : कृपया recruitmentho@pnb.co.in पर मेल करें।

**दिनांक: 07.12.2022** **मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी)**